प्रेस विज्ञप्ति

आज सेंट जॉन सीनियर सेकेंडरी स्कूल में कैरियर काउंसलिंग कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसका आयोजन डॉ विक्रांत जावला जी ने किया, जिसमें उन्होंने कक्षा 11 और कक्षा 12 के विद्यार्थियों को उनके उज्जवल भविष्य के लिए मार्गदर्शन दिया। जिसके अभाव में विद्यार्थी उचित कैरियर का चयन नहीं कर पाते, उन्होंने विद्यार्थियों को जहां 95% अंक लाने का मार्ग दिखाया वहीं टाइम मैनेजमेंट के विषय में भी सुझाव दिया। उन्होंने टू इन वन बनने का रास्ता बताया, कि अच्छे अंक लाने के साथ-साथ वे कॉलेज के प्रवेश परीक्षा के लिए किस प्रकार तैयारी कर सकते हैं। डॉक्टर जावला ने अनेक कोर्सेज के विषय में प्रकाशमान किया, जिसमें मैनेजमेंट, लो, फैशन, डिजाइनिंग, मास कम्युनिकेशन, रेडियो जॉकी, राजनीति, समाज सेवा, स्पोर्ट्समैन, बिजनेसमैन, जैसे अनेकों कैरियर के विषय थे। जिसमें संबंधित विश्वविद्यालय में प्रवेश परीक्षा पर रोशनी डाली और एक अच्छे कार्य के लिए विद्यार्थियों का आह्वान किया। डॉक्टर जावला देशभर के 15 लाख से अधिक विद्यार्थियों की काउंसलिंग कर चुका है। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय की प्रधानाचार्य महोदय श्रीमती चंद्रलेखा जैन जी ने कार्यक्रम की प्रशंसा कर, इसे विद्यार्थियों के हित में सहायक एवं ज्ञान से प्रेरित कार्यक्रम बताया। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम से विद्यार्थियों को अवश्य ही ज्ञान का लाभ होगा और वे अपना भविष्य उज्जवल बनाने में सक्षम होंगे। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती शिल्पी शेरावत ने किया, साथ ही शिक्षकों में शिरीन, आशीष पॉल, रीमा दत्ता, गुंजन शर्मा, लेखा साजी ने भाग लिया और कार्यक्रम को सफल बनाने में योगदान दिया।